10 महिलाओं को सब्जियों के बीज बांटे



11 मेधावी छात्रा अक्षिता ने हिंदी ओलंपियाड में जीता गोल्ड



## खबर संक्षेप

### सोलधा में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**बहादुरगढ़।** गांव सोलधा में रविवार छह जुलाई को कारगिल शहीद रामफल काजला महिला नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। यह एक दिवसीय प्रतियोगिता गांव के सरकारी स्कूल के ग्राउंड में होगी। समस्त ग्रामीणों की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है। अंडर 50 केजी भारवर्ग की इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आने वाली टीम को 21 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

### कार की टक्कर से ऑटो में सवार महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** नेशनल हाइवे पर जाखोदा के पास कार और ऑटो की टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गई और कई अन्य यात्री घायल हो गए। मृतका के परिजनों की शिकायत पर गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।मृतका की पहचान सांपला की निवासी प्रकाश उर्फ उषा के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में शील कुमार ने कहा है कि उसकी पत्नी बहादुरगढ़ से ऑटो में सवार होकर सांपला जा रही थी। जब ऑटो जाखोदा के पास पहुंचा तो एक गुजरात नंबर की कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो पलट गया। हादसे में मेरी पत्नी व ऑटो में सवार अन्य यात्रियों को काफी चोट आई। उन्हें सांपला के अस्पताल ले जाया गया। जहां से मेरी पत्नी पीजीआई रोहतक रेफर कर दी गई। ऑप्रेशन के बाद भी पत्नी की तबीयत में सुधार नहीं हुआ और उसने अगले दिन दम तोड़ दिया। उधर, सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची और परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई।

### रेलवे ट्रैक पर मिले शवों को नहीं हुई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** दो दिन बीत जाने के बाद भी रेलवे लाइन पर मिले दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। निर्धारित समयावधि समाप्त होते ही पुलिस शवों का पोस्टमार्टम करा दाह संस्कार करवाएगी। दरअसल, बहादुरगढ़ जीआरपी सीमा में सांखोल के पास बराही फाटक तथा सांपला यार्ड के निकट ट्रेक पर दो शव मिले थे। दोनों मृतकों की उम्र लगभग 65 वर्ष रही होगी। पुलिस ने 72 घंटे के लिए शव अस्पता में रखवाकर पहचान के प्रयास किए लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद शुक्रवार शाम तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। ऐसे में अब पुलिस संस्था के हाथों शवों का दाह संस्कार कराएगी।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारा दस जुलाई को

**झज्जर।** ऑफिसर कालोनी स्थित हनुमान मंदिर में गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आगामी दस जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु अनिल कपूर ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक तथा सायं चार बजे से छह बजे तक मूल भागवत पाठ भी किया जा रहा है जो नौ जुलाई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि नौ जुलाई की सुबह आठ बजे अखंड रामायण पाठ का आयोजन होगा। समारोह के अंतिम दिन 10 जुलाई को सुबह 8 बजे हवन, 11 बजे कन्या पूजन तथा दोपहर बारह बजे से भंडारे लगेगा।

### राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए 11 तक आवेदन

**झज्जर ।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य और पात्र अध्यापक आगामी 11 जुलाई तक विभागीय पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, निर्धारित मापदंड एवं पुरस्कारों की संख्या तथा अन्य जानकारी उपलब्ध है। उकेवल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

# 29.2 एमएम बरसात से शहर पानी-पानी

■ बहादुरगढ़ के झज्जर रोड, मांडोठी बाजार, विकास नगर, छोटूराम नगर व अन्य जगह जलभराव

■ शुक्रवार की सुबह हालांकि धूप खिली हुई थी, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद अचानक मौसम बदला और बादल छा गए

■ एक बजे तेज बरसात शुरू हो गई, जो लगभग एक घंटे तक चली




**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड पर जलभराव से गुजरता एक परिवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में बीते कई दिनों से लगातार छा रहे बादल आखिरकार शुक्रवार की दोपहर को बरस ही गए। करीब एक घंटे तक यहां झमाझम बरसात हुई। कुल 29.2 एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात के चलते बहादुरगढ़ में कई जगह जलभराव हो गया। घंटों तक सड़कों, गलियों में पानी जमा रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा

दरअसल, बीते कुछ दिनों से रोजाना आसमान में बादल छा रहे थे। बरसात के आसार बनते लेकिन थोड़ी बूंदे ही गिरकर रह जाती। शुक्रवार की सुबह हालांकि धूप खिली हुई थी लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया और बादल छा गए। एक बजे अचानक तेज बरसात शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक जमकर बारिश हुई। बरसात का लोगों ने लुत्फ उठाया और बच्चों ने मस्ती की। उमसभरी गर्मी से भी कुछ समय के लिए राहत मिली। वहीं, बहुत से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। शहर में बीते कुछ दिनों से नालों की सफाई चल रही है। लेकिन एक घंटे की बरसात ने निकासी के दावों की फिर से हवा निकाल दी। झज्जर रोड, मांडोठी बाजार, विकास नगर, छोटूराम नगर सहित कई जगहों व कॉलोनियों में जलभराव की समस्या गहरा गई।

### नालों की सफाई को लेकर उठ रहे सवाल




बरसात के कई घंटे बाद तक सड़कों से पानी नहीं निकल सका। जिस कारण लोगों को आने जाने में तक्लीफ हुई। लोगों का कहना है कि एक, दो बार हुई बारिश में ही बहादुरगढ़ में बुरे हालात हो गए हैं। अभी पूरा बरसाती सीजन बाकी है। नालों की गंभीरता से सफाई होनी चाहिए। वहीं आम नागरिकों को भी प्लास्टिक आदि कचरा नाले, नालियों व खुले स्थान पर डालने बचना चाहिए ताकि निकासी बाधित न हो। उधर, मौसम विभाग की मानें तो आगामी कुछ दिन बरसात के आसार बने रहेंगे।

### इनेलो ने उठाए सवाल

## करोड़ों खर्च के बाद भी शहर में निकासी व्यवस्था फेल : राठी

**बहादुरगढ़।** युवा इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी शुक्रवार को हुई बरसात के बाद हुए जलभराव को लेकर भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि कुछ मिनट की बरसात में पूरा शहर पानी-पानी हो गया। शहर की लगभग सभी कॉलोनियों में निकासी के अभाव में बरसात का पानी जमा हो गया। इस कारण हजारों लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हर माह करोड़ों रुपए शहर की सफाई के नाम पर खर्च होने के बावजूद शहर में न तो सफाई व्यवस्था है और न ही जननिकासी के ठोस प्रबंध। भ्रष्टाचार के कारण सफाई का बजट पूरी तरीके से नहीं लग पा रहा है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस जलभराव के लिए भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार सीधे तौर पर दोषी है।



# कांवड यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट : डॉ. राजश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड यात्रा के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना घटित ना हो, इसके लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। वहीं जिला पुलिस द्वारा एडवाइजरी भी जारी की है। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने सभी थाना प्रबंधकों और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में बने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि कोई असामाजिक तत्व माहौल को खराब करने की कोशिश करता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। उन्होंने यातायात को नियंत्रित करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### श्रद्धालुओं के साथ संपर्क में रहे थाना प्रभारी



उन्होंने सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में गांव के प्रबुद्धजनों और डीजे संचालक से बातचीत करके यह सुनिश्चित करें कि डाक कांवड़ में वाहनों पर लगाए जाने वाले डीजे म्यूजिक सिस्टम अपने वाहन की बॉडी से बाहर ना हो। प्रत्येक कांवड़ियां अपने पास पहचान पत्र जरूर रखें। सड़क मार्ग से चलने पर एक लाइन में चले। अगर आपके एरिया में कावड़ियों में भी आपस में कोई विवाद हो जाए तो तुरंत वहां पहुंचकर उनकी समस्या का निदान करें। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान आमजन और कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की भी असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए विशेष स्थान चिन्हित भी किए गए हैं, जहां पर नाकाबंदी भी कि जाएगी।

## झज्जर व बहादुरगढ़ में लोक अदालत 12 को



**झज्जर।** आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन झज्जर एवं बहादुरगढ़ न्यायिक परिसर में किया जाएगा। सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्राधिकरण की तरफ से जिला न्यायालय परिसर में तथा जिला एडीआर सेंटर में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। जिसमें कोर्ट परिसर में आने जाने वाले लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है और लोक अदालत के फायदे भी उन्हें बताए जा रहे हैं।

## पांव फिसलने से नहीं, जेसीबी की चपेट में आने से गई थी रामा की जान, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव कसार स्थित एक कंपनी में कर्मचारी की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। कर्मचारी की मौत पांव फिसलने से नहीं बल्कि जेसीबी की चपेट में आने से हुई थी। पुलिस ने अब अज्ञात जेसीबी ऑप्रेटर के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

दरअसल, बिहार के महाराज गंज का निवासी रामा यहां कसार स्थित एक नामी टाइल कंपनी में काम करता था। गत 20 जून को वह कंपनी परिसर में मृत अवस्था में मिला। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। तब कहा गया कि पांव फिसलने से रामा की मौत हुई है। परिजनों ने भी इसी तरह के बयान दिए तो पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की। अब हाल ही में पुलिस ने पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों से बात की और रिपोर्ट देखी तो मामले में




संदेह उत्पन्न हुआ। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को कुछ सुराग मिले, जिसमें सामने आया कि रामा की मौत पांव फिसलने से नहीं हुई बल्कि जेसीबी की चपेट में आने से हुई है। बताते हैं कि अंधेरे में जेसीबी चालक को रामा नजर नहीं आया और उसकी जान चली गई। इसे देखते हुए चौकी प्रभारी राजेंद्र ने अब इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एएसआई राजेंद्र का कहना है कि जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए, जिसके बाद केस दर्ज किया गया है। अज्ञात आरोपी का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही उसे काबू किया जाएगा।

## कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं के दाखिलों की दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिले शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं की दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिले शुरू हो गए हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है, उनको सात जुलाई तक ऑनलाइन फीस भरनी होगी। फीस भरने के बाद विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए कॉलेज में उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि नेहरू कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद अब तक 263 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा करवाई है। इनमें बीए के 151, बीएससी फिजिकल साइंस के 17, बीएससी लाइफ साइंस के 20, बीएससी गणित के 10, बीकॉम के 14, बीसीए के 34 तथा बीबीए के 17 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है।

### नौ जुलाई से शुरू होगी ओपन काउंसलिंग

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिलों के बाद खाली बची सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग नौ जुलाई से शुरू होगी। नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल दस जुलाई से दोबारा खुलेगा तथा 11 जुलाई से 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 18 जुलाई से 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त फीस लगेगी।



## शहीदी पार्क से पेड़ काटने का मामला: जांच के लिए गठित कमेटी ने किया मौका मुआयना

**झज्जर।** शहर के ऐतिहासिक शहीदी पार्क से हरे भरे पेड़ काटने मामले में जांच के लिए गठित कमेटी ने शुक्रवार दोपहर बाद मौका मुआयना किया। राजस्व, नप और वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं, वहीं पार्क में मौजूद लोगों ने भी अधिकारियों को मामले के संबंध में जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने भी पूरा विवरण तैयार किया। जिसमें पाया गया कि कई पेड़ों को जानबूझ कर ही खत्म किया गया है। उधर, इस पूरे मामले को लेकर जहां आमजन में रोष है, वहीं सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने भी इसकी निंदा की है। पार्क में मौजूद लोगों ने कहा कि आसपास क्षेत्र के गांवों और शहर के प्रबुद्धजनों ने इस मामले को लेकर चिंता जताई है। सोमवार को इस संबंध में डीसी के माध्यम से पीएम और सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

### मामला बहुत गंभीर : भुक्कल

विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि मामला बहुत गंभीर है। पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए और जो भी इस मामले में दोषी है, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले को विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। मामले में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।



### दो दिनों में सौंपेगी रिपोर्ट

एडीसी जगनिवास ने कहा कि मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें राजस्व, नप और वन विभाग के अधिकारी शामिल है। अधिकारियों ने मौका मुआयना किया है। दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए है।

# नागरिक अस्पताल में एक्सरे की फिल्म खत्म, मरीज फोन से फोटो खींचकर डॉक्टरों को दिखा रहे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बेहतर स्वास्थ्य के दावों के बीच बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में एक्सरे की फिल्म जैसी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही। यदि यहां किसी को एक्सरा करवाना है तो अपने साथ स्मार्ट फोन लाना ही होगा, क्योंकि एक्सरे फिल्म न होने के कारण लोगों के फोन में रिपोर्ट का फोटो खींचा जाता है। जिसके पास स्मार्ट फोन नहीं होता, उसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पिछले एक साल से अधिक समय से नागरिक अस्पताल में एक्सरे की फिल्म नहीं हैं।

जो भी कोई मरीज आता है तो उसकी एक्सरे की रिपोर्ट की फोटो फोन में खींच दी जाती है। इसके बाद मरीज वह फोटो डॉक्टर को दिखाता है और उसका ईलाज शुरू हो पाता है। अब समस्या ये कि हर कोई आदमी स्मार्टफोन नहीं चलाता। नागरिक अस्पताल में बहुत से मरीज बुजुर्ग या पर प्रवासी आते हैं, जिनके पास कैमरे वाला मोबाइल नहीं होता। इन लोगों के लिए समस्या खड़ी हो जाती है।




**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़।

### मरीज हो रहे परेशान

कई बार तो मरीज अस्पताल में मौजूद अन्य लोगों से अपने फोन में रिपोर्ट लेने की गुहार लगाता नजर आता है। बताते हैं कि स्थानीय प्रबंधन द्वारा कई बार फिल्म की डिमांड भी भेजी जा चुकी है लेकिन हालात जस के तस हैं। वहीं, शहर के निवासी एडवोकेट नवीन ने कहा कि इतने बड़ी आबादी के बीच मौजूद अस्पताल में साल भर से एक्सरे की फिल्म उपलब्ध न होना, हैरानी भरी बात है। विभाग को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा ऐसा सिस्टम भी होना चाहिए कि खुद ब खुद एक्सरे की रिपोर्ट संबंधित डॉक्टर के कक्ष में पहुंच जाए ताकि रिपोर्ट की फोटो खींचने की नौबत न आए। बहादुरगढ़ के अस्पताल में सुविधाएं दुरुस्त करने की दरकार है।

## खुशखबरी : नूना माजरा पीएचसी में ईसीजी की सुविधा हुई शुरू

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ईसीजी की सुविधा शुरू हो गई है। अब नूना माजरा सहित आसपास लगते 12 गांवों के लोगों को प्राइवेट अस्पताल तथा कई किलोमीटर दूर नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। दरअसल, नूना माजरा पीएचसी से डाबोदा खुर्द, डाबोदा कलां, लोवा खुर्द, लोवा कलां, इस्सरहेड़ी, सिद्दीपुर सहित आसपास लगते 12 गांव जुड़े हैं। इन गांवों में रहने वाले लोगों को ईसीजी जैसे टेस्ट के लिए बहादुरगढ़ में स्थित नागरिक अस्पताल में जाकर लंबी लाइन लगानी पड़ती है। वहीं, बहुत से लोगों को तो प्राइवेट अस्पताल में रुपये खर्च करके यह टेस्ट कराना पड़ता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए नूना माजरा पीएचसी में यह सेवा शुरू करने की मांग उठ रही थी। जिस पर विभाग ने संज्ञान लेते हुए मशीन भेज दी है। इसी के साथ यहां ईसीजी टेस्ट भी शुरू हो गए हैं।



### मरीजों को फायदा


पीएचसी के प्रमुख डॉ. संजीव कुक्कल ने कहा कि आज के दौर में ईसीजी टेस्ट जरूरी हो गया है। विशेषकर बीपी के मरीजों को तो समय समय पर यह जांच करानी ही पड़ती है। पीएचसी से हजारों की आबादी जुड़ी है। ऐसे में यहां ईसीजी टेस्ट शुरू होने से निश्चित ही काफी मरीजों को सुविधा होगी। उन्हें अब बहादुरगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। इसके अलावा भी पीएचसी में सुविधाएं बढ़ रही हैं। यहां आयुर्वेदिक दवा भी उपलब्ध हैं और आयुर्वेदिक डॉक्टर भी आते हैं।

## करंट की चपेट में आने से प्रवासी श्रमिक की मौत



**झज्जर।** पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खेड़का गुर्जर में भवन निर्माण का कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान यूपी के झांसी जिला निवासी करीब पैंतीस वर्षीय गणेश पुत्र मुन्नालाल के तौर पर हुई है। गणेश करीब चार माह पहले यहां आया था तथा दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। वीरवार को खेड़का गुर्जर स्थित श्रीगौशाला में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान गणेश मिक्सचर पर काम कर रहा था और अचानक करंट की चपेट में आ गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। परिजनों के पहुंचने के बाद शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी।

### बाइक चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव इब्राहिमपुर निवासी महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गांव प्रहलादपुरा निवासी राजकुमार 2 अप्रैल 2023 को गांव भाड़ावास के बाबा मोहन दास के मन्दिर में प्रसाद चढाने के लिए गया था तथा बाइक को मन्दिर के सामने पार्किग में खड़ा किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव इब्राहिमपुर निवासी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### स्कूल वाहनों में एआईएस मानक स्पीड गवर्नर जरूरी

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने सभी स्कूल बसों, कार, वैन, मिनी बस व ऑटो में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर एआईएस-018 मानक का स्पीड गवर्नर लगाना अनिवार्य कर दिया है। एसडीएम व आरटीए सचिव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जिले के सभी निजी स्कूल संचालक अपने स्कूल वाहनों में एआईएस-018 मानक का स्पीड गवर्नर लगवाएं।

### सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, जीवनशैली

**नारनौल।** सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं है, यह एक जीवनशैली है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके हम सभी एक सुरक्षित और बेहतर समाज बना सकते हैं। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने शुक्रवार को एडीआर सेंटर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क नियम, विषय पर विद्यालयों में कार्यरत काउंसलर व ब्रिगेड ऑफिसरों की बैठक लेते हुए कही।

### बेटा-बेटी में भेदभाव खत्म करें : डा. सरोज

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से लिंगानुपात बढ़ाने की दिशा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गांव मांढैया कलां कन्या के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। सीएचसी मीरपुर के स्टाफ ने समारोह में कन्या के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने कन्या के दादा विजयपाल, दादी सुशीला देवी, मां शिखा यादव व पिता नितेश को सम्मानित किया। इस मौके पर सीएचसी मीरपुर से डा. वदना मलिक, सीएचओ पूजा रानी आदि मौजूद रहे।

पुलिस की अलग-अलग टीमों ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में चलाया अभियान

# नशा समाज के लिए गंभीर समस्या मिटाने के लिए जन आंदोलन जरूरी


झज्जर। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते पुलिस टीम।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जानकारी देते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार की टीम ने आईटीआई मातनहेल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कबलाना, जवाहर नवोदय स्कूल कलोई आदि शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है। इसे मिटाने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है।

जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, मौहल्ला तथा वार्ड की जिम्मेदारी लेगा और ना ही स्वयं नशा करेगा और ना ही अपने क्षेत्र में नशे को बिकने देगा तभी हम अपने क्षेत्र से नशे को दूर भगाने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि युवा नशे की चपेट में आकर अपराध की तरफ बढ़ रहा है इसलिए माता-पिता को भी अपने बच्चों की दैनिक गतिविधि पर ध्यान रखना चाहिए और उन्हें शिक्षा खेल-कूद तथा सामाजिक हित की गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ की खरीद फिरौत करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति नशे की खरीद फिरौत कर रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दें आपके द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाएगी और आपकी पहचान को गुप्त रखा जाएगा।

### सड़क सुरक्षा कार्यशाला में किया जागरुक

**बहादुरगढ़।** दरियापुर के रनबीर सिंह मॉडल स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष विधिक जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्रों को उनके कानूनी अधिकारों, सामाजिक कर्तव्यों और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यशाला में उप-निरीक्षक सत्यप्रकाश ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात के प्रति सजग रहने और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रतिनिधि नेहा ने छात्रों को सभी के लिए न्याय तक पहुंच, बाल विवाह मुक्त भारत और जिला एडीआर केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। मनोज ने छात्रों को बाल श्रम निषेध अधिनियम और बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों को विस्तार से समझाया। एडवोकेट हरजीत ने भी विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सतर्क और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। कार्यशाला के दौरान शिक्षाप्रद बैनर और पंपलेट्स भी प्रदर्शित किए गए। प्रधानाचार्या किरण वर्मा व प्रबंधन समिति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यशाला अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही।


झज्जर। गेट मीटिंग में कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन के पदाधिकारी।

>> पोषण वाटिका अभियान

# लेबर कोड वापस नहीं लिए तो नौ को चक्का जाम करेंगे

- कर्मशाला में रोडवेज कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को स्थानीय बस स्टैंड स्थित कर्मशाला में रोडवेज कर्मचारियों द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। डिपो प्रधान विजय माजरा ने बताया कि गेट मीटिंग में उपस्थित राज्य महासचिव सुमेर सिवाच, राज्य उपप्रधान जयकुंवार दहिया व कार्यालय सचिव सतबीर मुंडाल ने कहा कि आगामी नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भागीदारी करते हुए कर्मचारियों, किसानों व मजदूरों के साथ रोडवेज कर्मचारी भी चक्का जाम करेंगे।

अपने संबोधन में राज्य महासचिव सुमेर सिवाच ने कहा कि चारों लेबर कोड बिल व हिट एंड रन कानून जैसे काले कानून रद किए जाने चाहिए। रोडवेज के सांझा मोर्चा द्वारा प्रदेश सरकार और अधिकारियों के साथ की गई कई दौर की बातचीत के दस-बारह मुख्य मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन सरकार ने एक भी मांग का परिपत्र जारी नहीं किया। जिस कारण कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाल करने, निजीकरण बंद कर विभाग में दस हजार बसें शामिल करने, मोटर वाहन अधिनियम संशोधन बिल रद्द करने, रोडवेज कर्मचारियों की सभी मानी गई मांगों को लागू करने व चालक का वेतनमान 52000 तथा परिचालक का वेतनमान 35400 का प्रस्ताव सरकार को भेजने जैसी मुख्य मांगों को लेकर वे आगामी नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर रोडवेज कर्मचारी बसों का चक्का जाम करेंगे। गेट मीटिंग में जितेंद्र लाकड़ा, रामकरण हुड्डा, विजय माजरा, नवीन माजरा, रविंद्र, दलजीत, विक्रम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को सब्जियों के बीज बांटे

- संस्था के ट्रस्टी ने बीजों के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मिली बीजों की किट दिखातीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सूर्या फाउंडेशन ने शुक्रवार को पोषण वाटिका अभियान के तहत सोलधा गांव में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने घरों में पोषण से भरपूर सब्जियों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में गांव में संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाले घीया, भिंडी, तोरई, मिर्च, पालक, धनियां, ग्वारफली, मेथी, चौलाई, बींस आदि सब्जी के बीज का किट वितरित किया गया। इन बीजों को राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड दिल्ली द्वारा तैयार किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि इस मुहिम से लोगों में घर पर सब्जी उगाने की आदत बढ़ेगी। ताजी और स्वस्थ सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और इन सब्जियों के नियमित सेवन से परिवार के प्रत्येक सदस्य के पोषण स्तर में भी सुधार होगा। बाजार से हरी सब्जियों को खरीदने के लिए परिवार पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार कम होगा। इसके साथ ही साथ पर्यावरण को भी संरक्षण मिलेगा। संस्था के ट्रस्टी कामेश्वर ने बीजों के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सूर्या रोशनी से मनोज सोमवंशी, फाउंडेशन से विकास विश्वकर्मा, क्षेत्र प्रमुख कवल कुमार, स्वरोजगार प्रमुख श्याम, अरुण कुमार आदि भी उपस्थित रहे।



झज्जर। मीटिंग में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

### औद्योगिक और व्यावसायिक परियोजना प्रस्तावों पर किया विचार विमर्श

**झज्जर ।** जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्लीयरेंस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निवेशकों के विभिन्न औद्योगिक और व्यावसायिक परियोजना प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने कहा हरियाणा सरकार ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्यमी फ्रेंडली इज ऑफ डूइंग बिजनेस की नीति बनाकर लागू की है। औद्योगिक निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होते है वहीं विकास के लिए राज्य को धन प्राप्त होता है। झज्जर जिला देश की राजधानी से सटा है इसलिए यहां पर औद्योगिक निवेश की संभावनाएं ज्यादा हैं।

# 9 को एसकेएम की हड़ताल में शामिल होगा संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 9 जुलाई को होने वाली ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। संगठन ने किसानों, खेत मजदूरों तथा भूमिहीन ग्रामीण मेहनतकशों से हड़ताल में शामिल होने की अपील की है। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि देश की मेहनतकश जनता केंद्र व राज्य सरकारों की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है। देश का किसान भी सरकार की पूंजीवादी परस्त नीतियों से परेशान है।

खेती घाटे का सौदा बनी हुई है। खराब हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिलता। इस कारण किसानों पर कर्ज चढ़ जाता है। कर्ज के जाल में फंसने से किसान आत्महत्या तक कर लेते हैं। इसलिए देशभर में संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों ने 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए ताकत झोंक दी है। सरकार किसानों को कर्ज मुक्त नहीं करती और दूसरी तरफ सरकार पूंजीपतियों को टैक्सों में छूट दे रही है। संगठन नई कृषि बाजार नीति को रद्द करने, सी2 प्लस 50 प्रतिशत फार्मूले पर सभी फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनाने, किसानों तथा ग्रामीण भूमिहीन ग्रामीणों को कर्ज मुक्त करने, किसानों तथा मजदूरों की पेंशन 10 हजार रमहीना लागू करने, आपदाओं से बर्बाद फसलों का 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने, कीटनाशक, मशीनरी आदि सस्ते में उपलब्ध कराने, बिजली के बढ़ाए रेट वापिस लेने, बिजली बिल संशोधन 2023 तथा स्मार्ट-प्रीपेड मीटर स्कीम रद्द करने आदि को लेकर लगातार आंदोलन चला रहा है।

# कर्मचारियों ने उत्साह से किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव जाखोदा में स्थित एल एंड टी लिमिटेड कंपनी में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कंपनी के संस्थापक हेनिंग होल्क लार्सन को यह शिविर समर्पित रहा।

लार्सन की 118वीं जयंती पर उनके सम्मान में आयोजित शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। इस शिविर का संचालन जोन हेड योगेश निरंजन, वर्कशाप इंचार्ज सावन कुमार, डिप्टी जीएम रजीब नाग, सुरक्षा अधिकारी दुर्गेध पवार की देखरेख में हुआ। रेड क्रास दिल्ली की टीम ने शिविर में सेवाएं दी और 51 यूनिट रक्त संचय किया। रक्त संचय की पूरी प्रक्रिया दीपक कुमार की देखरेख में हुई। इस दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों को रक्तदान का महत्व समझाया।



बहादुरगढ़। रक्तदाता को प्रोत्साहित करते कंपनी के अधिकारी।

### गरीबों पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही सरकार: जून

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बीपीएल परिवारों को राशन डिपो के माध्यम से मिलने वाले सरसों के तेल को महंगा करने पर नायब सरकार की निंदा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब समेत हर वर्ग पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। चुनाव से पहले भाजपा नेता हरियाणा में महंगाई कम करने का वादा कर रहे थे और सत्ता में आते ही नित महंगाई बढ़ाकर आम आदमी की जेब ढीली कर रहे हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले 2 लीटर सरसों के तेल की कीमत 40 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए कर दी है। भाजपा सरकार को यह जनविरोधी निर्णय तुरंत वापिस लेना चाहिए। इस महंगाई में राहत देने की बजाय भाजपा इसे बढ़ा रही है।


राजेंद्र सिंह जून

# भंडारे में छका प्रसाद


बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को माता की तस्वीर भेंट करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शुक्रवार को गांव जसौर खेड़ी में स्थित जय माता दी व बाबा मांडू ऋषि के देसी घी के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित देसी घी के विशाल भंडारे में पहुंचकर विधायक राजेश जून ने माता रानी व बाबा मांडू ऋषि की पूजा अर्चना कर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के डीआईजी कोमल सिंह तहलान भी पहुंचे। ग्रामीणों ने दोनों का जोरदार स्वागत किया। उन्हें मांडू ऋषि की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया।

विधायक राजेश जून ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और नेक कमाई से मंदिर कमेटी को 11 हजार रुपए की धनराशि दान स्वरूप भेंट की।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से देसी गायों की दुग्ध प्रतियोगिता आयोजित

# बारिश के मौसम में अपने पशुओं को रोगों से बचाने के लिए ध्यान रखें किसान: डा. नसीब

- प्रतियोगिता में पशुपालकों ने हरियाणा नस्ल की गायों के साथ भाग लिया



रेवाड़ी। अपनी देसी नस्ल की गाय के साथ सविता देवी व अपनी देसी नस्ल की गाय के साथ मोहित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से गांव सहारनवास में देसी गायों की तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक पशुपालकों ने हरियाणा नस्ल की गायों के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में सविता देवी व मोहित को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। पशुपालन एवं डेयरी विभागके उपनिदेशक डा. नसीब सिंह यादव की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में राजकीय पशु चिकित्सालय सहारनवास के प्रभारी पशु चिकित्सक डा. शेखर यादव, राजकीय पशु पॉलिक्लिनिक सहारनवास से डा. प्रदीप जांगड़ा, वीएलडीए वरुण, पशु परिचर प्रमोद कुमार, मोहित व सचिन सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर डा. नसीब सिंह यादव ने बताया कि पशुपालन विभाग की ओर से सरल पोर्टल पर योजनाएं शुरू हो गई हैं। इच्छुक किसान विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तम नस्ल की हरियाणा व साहीवाल गायों और मुर्राह नस्ल की भैंसों के संवर्धन और पालन को बढ़ावा देने के लिए विभाग की ओर से दुग्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें 15000 रुपये से 40000 रुपये तक प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। सामान्य वर्ग के लिए विभाग की ओर से 4, 10, 20 और 50 पशुओं की डेयरी यूनिट स्थापित करने के लिए भी योजना है, जिसमें भौतिक सत्यापन के उपरांत 4 व 10 पशुओं की डेयरी यूनिट पर 25 प्रतिशत अनुदान और 20 व 50 पशुओं की डेयरी पर लाभार्थी की ओर से भरी गई किश्तों में से ब्याज राशि हर साल उसके बैंक खाते में डाली जाती है। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए 2-3 पशुओं की डेयरी यूनिट स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। भेड़-बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए 15 प्लस 1 यूनिट की स्थापना पर सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत अनुदान और अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग को 90 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है।

### बीमा योजनाओं के रजिस्ट्रेशन व जनधन खातों के लिए लगेंगे कैंप


झज्जर। शुक्रवार को ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी देते बैंक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले में विशेष वित्त संतृप्ति अभियान के तहत प्रत्येक गांव में कैंपों की शुरुआत हो गई है।

सोमवार को बादली उपमंडल के गांव पेलपा, बहादुरगढ़ उपमंडल के गांव लडरावन और मातनहेल ब्लॉक के गांव कड़ोधा में कैंप आयोजित किए जाएंगे। इनमें से कड़ोधा गांव में कैंप का आयोजन सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक पेलपा में पंजाब नेशनल बैंक व लडरावन गांवों में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किया जाएगा। आगामी तीन महीनों में जिले में प्रत्येक गांव में चरणबद्ध रूप से शिविर आयोजित किए जाएंगे। लीड बैंक अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से जोड़ना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम में दा हाइट्स के बच्चों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर ।** शुक्रवार को घोषित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम के परिणामों में दा हाइट्स संस्था के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। संस्थान के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनके संस्थान की छात्रा दिशा ने कैमिस्ट्री विषय में 99.34 परसेंटाइल हासिल किया।

इसके अलावा बायो में 97.6 व फिजिक्स में 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। संस्था की छात्रा सारिका ने भी पीसीएम कैटेगरी में क्वालीफाई किया। इस उपलब्धि पर संस्थान निदेशक नवींद्र कुमार ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


छात्रा दिशा।

**खबर संक्षेप**

### उपायुक्त को सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** जाखोदा स्थित बालाजी इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मुलाकात की। संरक्षक नरदेव दहिया, प्रधान सुरेश दलाल, उपप्रधान सुरेश पारीख, महासचिव सरदार अमरीक सिंह व कोषाध्यक्ष राकेश गोयल ने बालाजी इंडस्ट्रियल एरिया की मौजूदा समस्याओं से डीसी को अवगत कराया तथा समाधान की मांग की। उन्होंने इसे नियमित करने व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की।

### स्वामी विवेकानंद को पुण्यतिथि पर किया नमन

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर ग्रामीणों व समिति सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, जय भगवान, सतवीर कौशिक, योगेश, दीपक कौशिक आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### सीएम से फिर की अफसरों की शिकायत

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात फिर से कुछ अफसरों की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि आमजन द्वारा सीएम को दी जाने वाली शिकायतों पर कुछ अधिकारी समाधान किए बिना ही झूठी रिपोर्ट बनाकर दफ्तर दाखित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारिओं को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जनता को परेशान करने वाले अफसरों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# पेयजल लाइन बिछाने के लिए उखाड़ी सड़क मरम्मत करवाना भूला जन स्वास्थ्य विभाग

- करीब तीन माह पहले अंबेडकर चौक से बेरी गेट तक बिछाई गई पेयजल सप्लाई लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पेयजल सप्लाई लाइन बिछाने के दौरान उखाड़ी गई सड़क को विभाग बनाना भूल गया है। जिसके कारण उबड़-खाबड़ हुई सड़क के कारण अंबेडकर चौक से बेरी गेट तक के दुकानदारों को परेशानी आ रही है। दुकानदारों का कहना है करीब तीन माह पहले जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को बेहतर पेयजल सप्लाई मुहैया कराने के उद्देश्य से यह पाइप लाइन डाली गई थी। उसके बाद कर्मचारी खोदे गए गड्ढों को भर कर चले गए लेकिन उस पर पैच वर्क नहीं किया गया जिस कारण सड़क उखब-खाबड़ हो गई है। ऐसे में उनकी दुकानों के सामने सड़क कच्ची होने के कारण जहां दिन भर धूल उठती रहती है वहीं राहगीरों व वाहन चालकों के चोटिल होने का खतरा भी बना रहता है। दुकानदार लक्ष्य कायत, गौरव कुमार, टिंकू, विनय कुमार आदि ने कहा कि अब बरसात के मौसम में कीचड़ की स्थिति बन जाएगी। जिसके कारण परेशानी और बढ़ जाएगी। इसके अलावा उबड़-खाबड़ अवस्था के कारण संर्कीण हुई सड़क से कई बार इस मार्ग पर जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है। कई दुकानदारों ने तो अपने खर्च पर दुकान के सामने रिपेयरिंग करा ली है लेकिन अभी अधिकांश जगहों पर इस मार्ग को मरम्मत की जरुरत है।



झज्जर। सड़क पर पैच वर्क न होने से दुकानों के सामने की स्थिति। फोटो : हरिभूमि

### संबंधित विभाग से ली गई थी अनुमति

इस संबंध में जब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ नवीन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि करीब तीन माह पहले अंबेडकर चौक से बेरी गेट तक पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन डालने का कार्य किया गया था। इस कार्य के शुरू करने से पहले उन्होंने पीडब्ल्यूडी से पाइप लाइन बिछाने की अनुमति ली थी। जिसके बाद उनके विभाग द्वारा खोदी गई सड़क को भर दिया गया था। उस पर पैच वर्क करने का कार्य संबंधित विभाग का है।

### शीघ्र किया जाएगा समस्या का समाधान

पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सुमित ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। स्थिति का पता लगाकर शीघ्र ही दुकानदारों की समस्या का समाधान किया जाएगा।



झज्जर। सप्लाई के दूषित पानी से भरी बाल्टियां। फोटो : हरिभूमि

## घरों में दूषित पेयजल की सप्लाई से लोग परेशान


**झज्जर।** पेयजल सप्लाई के दौरान नलों में आ रहे दूषित पानी के कारण सीताराम गेट निवासियों को परेशानी हो रही है। कालोनीवासियों का कहना है कि पानी में यह बदलाव पिछले दिनों हुई बरसात के बाद आया है। सीताराम गेट निवासी कमला देवी, बिमला, बाला देवी, अंगूरी, चंद्रो देवी, शीला, प्रमिला, सचिन सैनी, हेमंत, प्रमोद, प्रकाश, काले, मुकेश सोलंकी आदि ने बताया कि पहले एक-दो दिन पानी इतना दूषित था जिसमें बदबू आती थी लेकिन अब धीरे-धीरे बदबू तो कम हो गई है। दूषित पेयजल सप्लाई के कारण जहां कुछ घर की महिलाओं को सांपला रोड स्थित हैंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ता है तो कुछ ऐसे परिवार है जिन्हें खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है। वे इस संबंध में संबंधित विभाग के कर्मचारियों को भी मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। कालोनी वासियों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है लीकेज पाइप लाइन का पता लगाकर स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दुरुस्त की जाए।

## मनोज दुहन बने बजरंग वाहिनी के प्रदेश प्रमुख

- वाहिनी के सदस्यों ने मनोज दुहन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के राष्ट्रीय प्रमुख अरविंद श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रदीप सिन्हा की अनुशंसा पर मनोज दुहन को हरियाणा प्रांत प्रमुख मनोनीत किया है। मनोज दुहन की नियुक्ति पर प्रांत संगठन महामंत्री जितेन्द्र नरवाल जी, युवा प्रांत प्रमुख संदीप वाल्मीकि, प्रमोद कौशिक, दिनेश खोखर, जतिन बंसल, तरुण बलौरिया, कृष्णकांत सिंह, सुंदरम व शानू झा ने खुशी जताते हुए उनका मुंह मीठा कराकर बधाई दी। अपनी नियुक्ति के लिए मनोज दुहन ने वाहिनी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।



बहादुरगढ़। मनोज दुहन को बधाई देते वाहिनी के अन्य पदाधिकारी।

## इंटर हाऊस स्पोर्ट्स मीट में रमन सदन के खिलाड़ी प्रथम

- आरईडी विद्यालय में इंटर हाऊस स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आरईडी विद्यालय में शुक्रवार को इंटर हाऊस स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के चारों सदनों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्पोर्ट्स मीट में 100 मीटर दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, खो-खो, फुटबॉल, बैडमिंटन, शतरंत, कैरम आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं। आरईडी विद्यालय के निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि जीवन भी एक खेल की तरह है, जहां जीत से ज्यादा जरूरी प्रयास करना होता है। प्रतियोगिता परिणामों में रमन सदन के खिलाड़ियों ने ओवरऑल ट्राफी जीती जबकि टैगोर सदन के खिलाड़ी द्वितीय रहे। निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत द्वारा विजेता सदन के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।




झज्जर। ओवर ऑल ट्राफी के साथ विजेता सदन के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## नियम तोड़ने पर माह में 2966 वाहनों के चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। चालान काटने के साथ साथ भारी भरकम जुर्माना लगाया जा रहा और वाहन इंपाउंड भी किए जा रहे हैं। बीते एक माह में पुलिस ने 2966 वाहनों के चालान काटकर लगभग साढ़े 16 लाख का जुर्माना लगाया है। हैरानी भरी बात ये कि पुलिस की सख्ती के बावजूद लोग नहीं मान रहे। कुछ वाहन चालक तो ऐसे हैं कि वो सीट बेल्ट बेशक न लगाएं लेकिन अपने वाहनों पर लाल बत्ती लगाने के शौकीन जरूर हैं। ऐसे ही चालकों पर पुलिस की नजर है। पुलिस ने गलत तरीके से लाल बत्ती लगाने पर 62 वाहनों के चालान काटे हैं। शराब पीकर वाहन चलाने के 63, बिना हेलमेट के 134, बिना नंबर प्लेट व पैटर्न के 528, खतरनाक टर्न लेने पर 157, ट्रिपल राइडिंग के 46, बुलेट पटाखा के छह, अवैध पार्किंग के 368 व काली फिल्म के 23 सहित बीते माहभर में 2966 चालान किए हैं। इन चालकों पर 16 लाख 40 हजार 900 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एसीपी दिनेश कुमार का कहना है कि वाहन चालक नियमों का पालन करें। गलत तरीके से वाहन न चलाएं, नो पार्किंग में न खड़े करें और अपने दस्तावेज दुरुस्त रखें। नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर सख्ती की जाएगी।

## खेल महाकुंभ के लिए चुनी झज्जर की स्विमिंग टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अंबाला में होने जा रहे खेल महाकुंभ के लिए झज्जर की स्विमिंग टीम का चयन शुक्रवार को हुआ। शहर की एचएल सिटी में स्थित एक्वेटिक चैंपियन्स अकेडमी में हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री के देखरेख में यह चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। बता दें कि झज्जर जिले के 50 से ज्यादा खिलाड़ी अंबाला में 15 जुलाई से आयोजित होने जा रहे खेल महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि गांव देहात के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। स्विमिंग के खेल में ग्रामीण खिलाड़ी खूब आगे बढ़ रहे हैं। उनके अनुसार 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए हरियाणा में अभी से खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताओं से आने वाले समय में खिलाड़ियों को खूब फायदा होगा। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री के अनुसार खिलाड़ियों को तमाम तरह की सुविधा देने के साथ कैश अवार्ड भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेल महाकुंभ के विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने पर 5 हजार, 3 हजार और 2 हजार की कैश राशि दी जाएगी। इस मौके पर सुरेश जून, कोच साई जाधव, पदमपाल, कृष्णमुरारी, विशाल और बंटी ने चयनित खिलाड़यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में चयन प्रक्रिया में भाग लेते तैराक। फोटो : हरिभूमि




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविरों की सीएम कार्यालय ने की साप्ताहिक समीक्षा

**झज्जर।** मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा वीसी के माध्यम से की गई। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले में समाधान शिविरों की प्रगति और प्राप्त शिकायतों की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। वीसी के दौरान समाधान प्रकोष्ठ द्वारा शिकायतों के त्वरित निस्तारण, विभागीय समन्वय और जनता की संतुष्टि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फीडबैक लिया गया। वीसी के उपरांत डीसी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

## 13 लाख लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाले दो गिरफ्तार

- आरोपियों में शिकायतकर्ता अकाउंटेंट भी शामिल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के मोती नगर इलाके में 13 लाख रुपये की लूट का मामला जांच में झूठा निकला। झूठी कहानी गढ़ने के आरोप में शिकायतकर्ता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुभाष चंद (22) एक कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में काम करता था और वही इस साजिश का मास्टरमाइंड था। पकड़े गये इसके दोस्त का नाम हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी विजयपाल (26) है। पुलिस के मुताबिक मामले की सूचना बृहस्पतिवार को तब मिली जब सुभाष ने पुलिस को फोन कर दावा किया कि बैंक से पैसे निकालने के बाद उससे 13 लाख रुपये लूट लिए गए। सुभाष ने पुलिस को बताया कि तीन मोटरसाइकिल पर सवार छह अज्ञात लोगों ने फ्लाईओवर पर उस पर चाकू से हमला किया और पैसे लूटकर भाग गए। एक टीम गठित की गई और जांच के दौरान टीम ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले, लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि या सुभाष का पीछा करते हुए कोई वाहन नहीं मिला। इसके अलावा पुलिस ने पाया कि उसकी चोटें सतही थीं और चाकू के हमले से होने वाली सामान्य चोटों की तरह नहीं थी।

## दो महीने ऑनलाइन चैट के बाद कर लिया युवक का अपहरण

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन दोस्ती के बाद अगवा किये गये 20 वर्षीय युवक को शकरपुर पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल पीड़ित युवक व्हाट्सएप पर एक लड़की से चैट के जाल में फंस गया था। लड़की से करीब दो महीने पहले उसकी दोस्ती हुई। इसके बाद उसे लड़की ने मिलने बुलाया था।पुलिस के अनुसार शुक्रवार को शकरपुर के गणेश नगर पार्ट 2 निवासी युवती की तरफ से शकरपुर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। युवती ने बताया कि उसका 20 वर्षीय भाई निखिल पाल उर्फ चेतन एक लड़की से मिलने गया था, जिसके साथ वह पिछले दो महीनों से व्हाट्सएप पर चैट कर रहा था। इसके बाद निखिल के नंबर से एक धमकी भरा कॉल आया, जिसमें कहा गया कि वह लड़की के साथ ओयो होटल में पकड़ा गया है और उसे छोड़ा नहीं जाएगा। इसके तुरंत बाद फोन बंद हो गया था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए एसएचओ ने तुरंत एक टीम का गठन किया। युवक की आखिरी लोकेशन सेक्टर-6, नोएडा में ट्रेस की गई।

## मेधावी छात्रा अक्षिता ने हिंदी ओलंपियाड में जीता गोल्ड

- मेधावी छात्रा को स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल की 10वीं कक्षा की मेधावी छात्रा अक्षिता ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि अक्षिता की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा चौथी कक्षा से माही और हिमांश ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विनोद सोनी ने इस उपलब्धि पर उत्तीर्ण विद्यार्थियों के अभिभावकों व स्कूल स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर भी पुरस्कृत किया गया।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित हिंदी ओलंपियाड के मेधावी विद्यार्थी।

### प्रशासन की कार्रवाई पर सेक्टर-6 के रेजिडेंट्स ने उठाए सवाल

# ग्रीन बेल्ट में तोड़फोड़ को ठहराया अनुचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद द्वारा इस सप्ताह में दो बार सेक्टर-6 की ग्रीन बेल्ट में किए गए निर्माण पर जेसीबी चलाई गई है। इसे लेकर सेक्टर के रेजिडेंट्स में जबरदस्त रोष है। एक तरफ जहां कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों के निर्माण को छोड़ने पर सवाल उठ रहे हैं, तो दूसरी तरफ हरियाली उजाड़ने के निर्णय की भी आलोचना हो रही है। शहर की विभिन्न सड़कों पर अतिक्रमण के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। कई जगहों पर तो अवैध कब्जों ने रास्तों को संकरा बना दिया है। लेकिन उन सबको छोड़कर आजकल प्रशासन का पीला पंजा सेक्टर-6 की ग्रीन बेल्ट पर रेजिडेंट्स द्वारा किए गए निर्माण पर चल रहा है। हालांकि सेक्टर-6 और पटेल नगर के डिवाइडिंग रोड पर भी किसी तरह का जाम नहीं लगता। सेक्टर-6 तथा सेक्टर-2 के डिवाइडिंग रोड पर भी इक्का दुक्का वाहन ही फर्राटा भरते हैं। लेकिन यहां प्रशासन की जेसीबी ने हरीभरी बगीचियों को उजाड़ दिया। देवेंद्र राठी ने बताया कि नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जमकर भेदभाव हुआ। कई प्रभावशाली लोगों के निर्माण को छुए बगैर आमजन की हरियाली को उजाड़ दिया गया। स्थानीय निवासियों ने इस उजाड़ जगह को आबाद किया, साफ रखा। लेकिन इसका इनाम देने की बजाय उन्हें सजा दी जा रही है। वहीं सतबीर सिंह ने बताया कि रेजिडेंट्स ने सालों की मेहनत से ग्रीन बेल्ट को हरा-भरा बनाया है। जबकि प्रशासन की अन्य दर्जनों सड़कें गंदगी से सड़ांध मार रही हैं। इससे पहले पानी की लाइन डालते समय इंटरलॉकिंग टाइलें उखाड़ दी गई थी। जिन्हें ठीक करना भी प्रशासन ने उचित नहीं समझा। लोगों ने अपने खर्चे पर उसे ठीक करवाया। प्रशासन की इस कार्रवाई को अनेक रेजिडेंट्स ने अनुचित ठहराया है।



बहादुरगढ़। पुलिस प्रशासन द्वारा सेक्टर-6 की ग्रीन बेल्ट में की गई तोड़फोड़। फोटो : हरिभूमि

## पीएम के नेतृत्व में हो रहा देश का विकास

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों का कार्यकाल वास्तव में स्वर्णिम युग के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। डॉ पंकज जैन के अनुसार मोदी राज में राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक का अंत, सीमाओं की अभेद सुरक्षा, किसान कल्याण की योजनाएं और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाएं शुरू हुई। आज भारत वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। आने वाली पीढ़ियां इन वर्षों को गर्व और प्रेरणा के रूप में याद करेंगी। डॉ पंकज जैन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों का अनुसरण करते हुए सीएम नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनसेवा कर रही है।



डॉ. पंकज जैन

**सूचना**

मैं, सुमन भारद्वाज पत्नी श्री नरेश भारद्वाज निवासी मकान नंबर-1285-86, सैक्टर-6, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि पहले मेरा नाम सुमन बाला था। लेकिन अब मैंने अपना नाम बदलकर सुमन भारद्वाज रख लिया है। सुमन बाला और सुमन भारद्वाज एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही दो नाम हैं। भविष्य में मुझे सुमन भारद्वाज के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**

मैं, रोहित छिक्कारा (Rohit Chhikara) पुत्र श्री नरेन्द्र छिक्कारा निवासी मकान नंबर 631/6, वत्स कॉलोनी, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरे तमाम कागजातों में नाम रोहित (Rohit) है और अब मैं उनमें अपना सरनेम एड करवाना चाहता हूं।


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
Great MONSOON Sale
DISCOUNT UP TO 80%
05 JULY TO 11 JULY
BAHADURGARH
JHAJJAR
DIGHAL
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE
UPTO 80% OFF OFF
*T & C APPLY
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
O'CEAN FRUIT DRINK MRP ₹60 FREE BUY 1 GET 4
FRESCA FREE BUY 1 GET 3
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER FREE BUY 1 GET 2
HURRICANE ENERGY DRINK FREE BUY 1 GET 2
TENDER COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 2
CLEAR WATER FREE BUY 1 GET 2
STORIA COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
Vadilal UPTO 56 % OFF ON MRP
PATANJALI SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
FIR 4 DIET SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
YUVAUD SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
FRESCA CLUB SODA FREE BUY 1 GET 1
DEL MONTE MIX FRUIT DRINK FREE BUY 1 GET 1
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA @ JUST 74
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
Arshirvaad atta 10kg ₹495 OUR PRICE ₹435
SAFE HARVEST ATTA 5 KG 50% OFF ON MRP
TATA TEA PREMIUM 1KG ₹580 OUR PRICE ₹365
DAAWAT ROZANA GOLD 5 KG ₹600 OUR PRICE ₹399
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹585 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
CATCH DRINK 1.25L BUY 1 GET 1 FREE
NILON'S PICKLE 1KG 50% OFF ON MRP
TOPS PICKLE 1KG SELECTED VARIANTS 50% OFF ON MRP
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
CATCH SPICES 25% OFF ON MRP
LOOSE PASTA MACARONI 1 KG OUR PRICE ₹60
PRO NATURE 20% OFF ON MRP
Del Monte Dates 500 gram BUY 1 GET 1 FREE
PRAAKRITIK ALL PRODUCTS 20% OFF ON MRP
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹79
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹76
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹84
BADAM 1KG OUR PRICE ₹885
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹449
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
VRINDAWAN MAKHANA ₹400 OUR PRICE ₹325
TREEVEDA VERMICELLI, PASTA, MACRONI SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹162
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹190 OUR PRICE ₹165
MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 OUR PRICE ₹505
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹575
4KG Ariel Complete Detergent BUY1 GET 1 FREE
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1049
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
2ltr Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L 25% OFF
9 kg TIDE JASMINE & ROSE ₹749
1ltr WIPRO SAFE WASH 1LTR WITHOUT OFFER BUY1 GET 2 FREE
5 LTR TRISHUL PHENYLE 50% OFF
MRP ₹1030 surf excel easy wash 7 kg ₹685
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR 33% OFF
MRP ₹1425 ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD ₹230 OFF
MRP ₹1549 ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD ₹250 OFF
25% OFF HELIOS PRODUCTS SHOE CARE
GALA SELECTED 20% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 35% OFF
Bahadurgarh Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Jhajjar Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Dighal Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST *STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON : elenta_mart elenta mart